Title-Code:- HARBIL01906

आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी की मासिक पत्रिका

अनुपमा यात्रा

SINCE 1970

सफलता के लिए न सिर्फ ज्ञान, बल्कि विवेक और समझदारी भी जरूरी है

वर्ष: 01/ संस्करण: 12/ पृष्ठ: 08/ मूल्य: 5 रूपये | भिवानी, रविवार 10 दिसम्बर 2023 | anupama.express@ammb.ac.in

योग सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना के मिलन का प्रतीक : प्रोमिला

योग प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से तीस छात्राओं ने लिया भाग

योग सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना के मिलन का प्रतीक है तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग का दिनचर्या में शामिल होना नितांत आवश्यक है। योग शरीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा, ध्यान, सांस लेने की तकनीकों और व्यायाम को जोड़ता है। यह उद्धगार हरियाणा राज्य के भूतपूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्त की जंयती पर आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित योग प्रतियोगिता के अवसर पर मुम्बई से आई मुख्य अतिथि बनारसी दास गुप्त की बेटी प्रोमिला ने कहे। उन्होनें यह भी कहा कि मेरे पिता जी द्वारा किए गए नारी शिक्षा के लिए संघर्षो की मैं गवाह हूँ। उनकी कर्त्तव्य निष्ठा व दृष्ढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है कि आज हम उनके दिखाऐं आदर्शो पर चल रहे हैं।

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश मलिक ने बनारसी दास गुप्त की जयंती पर उन्हे पुष्पांजलि देते हुए, सभी छात्राओं को बधाई दी और कहा कि योग की उत्पत्ति हिन्दू धर्म से हुई है। योग व्यक्ति में अनुशासन व सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है। उन्होंने यह भी बताया कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रतिवर्ष योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिससे चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय योग टीम का चयन होता है। चयनित योग छात्राएं राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओ मे भाग लेती है। तदोपरांत उन्होंने योग प्रतियोगिता के आरंभ करने की विधिवत घोषणा की। महाविद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने बनारसी दास गुप्त के जीवन से जुड़े समाज सेवा के किस्से को साँझा करते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि वह बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उन्होनें यह भी कहा कि उनके द्वारा दिखाऐं गए आदर्शों का मैं सदैव ऋणी रहूँगा। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि उनके अन्दर अलग समर्पण भाव रहा। उनकी विधाएँ, गुण, कार्यशैली और उनके मन की भावनाओ को यदि हम आगे बढाए तो उनके लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। आदर्श शिक्षा समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि योग और ध्यान के साथ उनका विशेष लगाव रहा था। वह सदैव मेरे प्रेरणा स्त्रोत रहेगें। उन्होंने नारी शिक्षा के महत्व को वर्षो पहले जाना और आदर्श महिला महाविद्यालय रुपी शिक्षा के पौधे को रोपित किया जो आज वट वृक्ष बनकर हजारो छात्राओं को शिक्षित कर रहा हैं। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी, महासचिव अशोक वुवानीवाला, कोषाध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल, आदर्श शिक्षा समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता उनके पुत्र व पुत्रवधू, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता, सुदंर लाल, सुरेश दौरालिया, विजय किशन, पवन केड़िया, पवन वुवानीवाला, सुशील वुवानीवाला, रामदेव तायल, ओमप्रकाश, सविता श्योरान, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल, मंच संचालिका डॉ. मधु मालती, डॉ. रेनू, नेहा, मोहिनी, समस्त शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

संजू को मिला बेस्ट योगी का खिताब

आदर्श महिला महाविद्यालय में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आयोजित योग प्रतियोगिता में झोझूकंला, राजीव गॉधी महाविद्यालय, यूटीडी, आदर्श महिला महाविद्यालय से तीस छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें उन्होनें अनिवार्य आसन पश्चिमोत्तानासन, सर्वांगासन, धनुरासन, कर्णपीड़ा आसन, गरुड़ा आसन व अन्य 13 आसन किए। निर्णायक मडंल की भूमिका में ड़ॉ विरेन्द्र सहायक प्रवक्ता तोशाम, डॉ. अनीता सहायक प्रवक्ता सी.बी.एल.यू., अन्जू लोहान, सीता, योगा कोच महेन्द्र व अमन रहे। परिणाम निम्न रहा प्रथम स्थान राजीव गॉधी महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान आदर्श महिला महाविद्यालय, व तृतीय स्थान पर यू.टी.ड़ी रही। बेस्ट योगी केरु महिला महाविद्यालय से संजू रही।

सत्र 2023-24 केंद्रीय विद्यार्थी संघ का गठन

प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के कुशल दिशा निर्देशन में स्टूडेंट काउंसिल कमेटी सदस्यों द्वारा महाविद्यालय की सत्र 2023-24 के लिए केंद्रीय विद्यार्थी संघ बनाया गया। प्राचार्या ने काउंसिल सदस्य को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के विभिन्न सेल, अनुशासन व नियमों से अवगत करवाया साथ ही सभी सदस्यों से यह भी कहा की वह कक्षाओं में नियमानुसार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाए और महाविद्यालय की साफ सफाई में विशेष सहयोग दें। लाइब्रेरी का समय अनुसार प्रयोग करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर सदस्य गण द्वारा भी अपनी कुछ समस्याएं प्राचार्या के समक्ष रखी गई। जिसका महाविद्यालय प्राचार्या ने बड़ी ही सहजता से निवारण किया।

ये बनाए गए हैं महाविद्यालय के केंद्रीय विद्यार्थी संघ सदस्य

<> नेहा एम.एस.सी प्रथम वर्ष अध्यक्ष <> कृति भारद्वाज बी.एस.सी तृतीय वर्ष उपाध्यक्ष <> हर्षिता बी.सी.ए द्वितीय वर्ष सचिव खुशी शर्मा बी.कॉम द्वितीय वर्ष कोषाध्यक्ष <> काजल बी.ए प्रथम वर्ष सह सचिव <> उप-प्राचार्या नीलम गुप्ता, डॉ. अमीता गाबा व स्टूडेंट काउंसिल कमेटी सदस्य डॉ. गायत्री बंसल, बबीता चौधरी, निर्मल मलिक, दिसी, डॉ. प्रीति शर्मा सहित स्टूडेंट काउंसिल की सभी छात्राएं उपस्थित रही।

एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आदर्श महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय शिक्षक वर्ग एवं गैर शिक्षक वर्ग के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के कुशल दिशा निर्देशन में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी की संयोजिका डॉ. अपर्णा बत्रा द्वारा किया गया। शिविर में सामान्य अस्पताल से टीम इंचार्ज राजकुमार के साथ स्वीटी ,पूनम, सौरभ ने महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों का बीएमआई, डायबिटीज व बीपी जांच किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में पाया गया कि महाविद्यालय का 98प्रतिशत स्टाफ पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी स्टाफ सदस्यों को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करते रहने के निर्देश दिए और साथ ही व्यवहारिक जीवन में संतुलित खानपान व योग को अपनाने भी कहा ।शिविर आयोजन कमेटी सदस्य में सुमित्रा, नेहा, पूजा के साथ महाविद्यालय का समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

दीपोत्सव पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने लहराया परचम

महाविद्यालय की छात्राओं ने वैश्य महाविद्यालय में आयोजित दीपोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विजय छात्राओं को महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने बधाई देकर उनका उत्साह वर्धन किया।

परिणाम निम्न रहा: ●रंगोली में छात्रा मनीषा प्रथम स्थान ●नेल आर्ट मे छात्रा उमंग प्रथम स्थान ●बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में छात्रा दिया शर्मा प्रथम स्थान ●पोस्टर मेकिंग में छात्रा सिमरन आंचल प्रथम स्थान ●कोलाज मेकिंग मे छात्रा ज्योति द्वितीय स्थान ●थाली डेकोरेशन में छात्रा प्रिया द्वितीय स्थान ●मेहंदी में छात्रा स्नेह ने द्वितीय स्थान ●फूड स्टॉल में छात्रा रुचिका और खुशी ने तृतीय स्थान ●गेम स्टॉल मे छात्रा कशिश और बेबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अभिभावक शिक्षक मिलन समारोह का हुआ आगाज

स्नातक व स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए आदर्श महिला महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 400 से अधिक अभिभावकों ने प्राध्यापिकाओ के साथ छात्राओं के भविष्य को लेकर बातचीत की। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में कराए जाने वाले विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स, कक्षा गतिविधि एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछे। जिसका प्राध्यापिकाओ ने बड़ी सरलता से उत्तर दिया। इस अवसर पर हालुवास से आए अभिभावक ने कहा की महाविद्यालय में छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जानी चाहिए, ताकि वह पढ़ाई के साथ ही इन परीक्षाओं को भी समय से उत्तीर्ण कर अपना व अपने माता-पिता का सपना साकार कर सकें। एक छात्रा की माता ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि बिना पिता के साए में आज वह इस महाविद्यालय में अपनी बच्ची को भेज कर पूर्ण संतुष्ट है, महाविद्यालय में कराई जाने वाली अनुशासनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों से छात्रा प्रतिवर्ष अच्छे अंको से पास हो रही है। प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि विद्यार्थियों की उन्नति में सबसे अहम भूमिका माता-पिता एवं गुरुजन की होती है उनका आपस में तालमेल होना आवश्यक है। यदि किसी भी माता पिता को अपने बच्चों से संबंधित किसी प्रकार की कोई भी जानकारी प्राप्त करनी है तब वह महाविद्यालय आकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय छात्राओं के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है, जिसमें अभिभावकों का सहयोग भी अनिवार्य है। सभा का आयोजन प्राचार्या डॉ0 अलका मित्तल के मार्गदर्शन में संयोजिका नीरू चावला द्वारा किया गया।

International Day for the Elimination of Violence against women.



Every year on November 25th, the International day for the Elimination of violence against women is observed. This day was established by the UNGA in 1993. Violence against women is defined as any act of gender based violence that causes physical sexual or psychological or suffering to women, including threats.

Data has been released by the WHO and partners from the largest ever study of the prevalence of violence against women in 2021. It shows that one half women across their lifetime face physical or sexual violence from a non-partner, According to the UN, 137 women are liked killed by a memory of their family every day. Less than 40% of the women who experience violence seek the help of any short.

The day will mark the launch of the UNITE to End Violence against Women campaign from 25 November to 10 December. It is an initiative of 16 days of activism and will conclude on the day that commemorates International Human Rights Day. The General Assembly on 7 February, 2000 adopted the resolution 54/134 officially and designated 25 November as the day.

.....Radhika

A Regin of grace Duty, and Historic significance

Queen Elizabeth II, the longest-reigning monarch in British history, has played a pivotal role in shaping the modern monarchy. Ascending to the throne on February 6, 1952, her reign has witnessed significant historical events and societal transformations.

Born on April 21, 1926, as Princess Elizabeth Alexandra Mary Windsor, she became heir presumptive at the age of 10, following the abdication of her uncle, King Edward VIII. Her father, King George VI, unexpectedly became king, leading Elizabeth into a life of public service.

Coronated in 1953, Queen Elizabeth II has seen the United Kingdom undergo considerable change. Her reign spans from the post-World War II era to the present day, witnessing the decline of the British Empire, the emergence of the European Union, and a shift in the monarchy's role towards a more

symbolic and ceremonial one.

Despite facing challenges such as the breakdown of her children's marriages, notably Prince Charles and Princess Diana, the Queen has remained a symbol of stability. Her ability to adapt to societal shifts while maintaining traditions has been a key aspect of her reign.

One of the most notable moments in her reign was the Golden Jubilee in 2002, celebrating 50 years on the throne. In 2012, she marked her Diamond Jubilee, commemorating 60 years of service. These milestones reflect the enduring support she enjoys from the British public.

Beyond her constitutional role, Queen Elizabeth II is known for her commitment to public service, often attending numerous engagements and events. She is also the head of the Commonwealth, a role she cherishes, promoting unity among member nations.

The Queen's stoic demeanor and dedication have earned her respect globally. However, discussions about the future of the monarchy have intensified, especially as Prince Charles prepares to assume the throne. The Queen's legacy will undoubtedly be a subject of reflection, considering her impact on the monarchy and British society during an era of significant change.

...Pirya

भारतीय विरांगना–रानी लक्ष्मीबाई

लक्ष्मीबाई का जन्म वाराणसी जिले में 19 नवंबर 1828 को एक मराठी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उसके बचपन का नाम मणिकर्णिका था। पर परिवार वाले इन्हें स्नेह से मनु पुकारते थे। उनके पिता का नाम मोरोपंत तांबे था। माता का नाम भागीरथी बाई था। 4 साल की उम्र में ही उनकी माता का देहांत हो गया था इस कारणवश मनु अकेली रह गई थी। मनु के पिता बाजीराव के दरबार में काम करने थे वही पर वे मनु को ले गए। मनु के स्वभाव ने सबके मन को जीत लिया। जिससे वह सबकी प्रिय हो गई। उसी जगह पर इन्होंने शस्त्र शिक्षा को ग्रहण किया। पूर्ण रूप् से एक बड़ी योद्धा स्त्री बनी जिससे इन्होंने अपने राष्ट्र, राष्ट्र की भावना और अपने देश को बचाने के लिए अंग्रेजों का डटकर सामना किया। अंग्रेजों को नाकों तले चने दबा दिए। रानी लक्ष्मीबाई जैसी महिला योद्धा ने अपना सब कुछ त्याग दिया था। उन्होंने अपने देश के लिए अपनी जान भी दे दी। आज हमारे भारत में उनकी ऐसी सफलताओं को देखकर ऐसे साहस वाली महिलाओं को देखकर आज की सभी महिलाएं एक झांसी की रानी है वे अपने अंदर एक उसी झांसी को देखती है जो अपने देश राष्ट्र के लिए खुद को मिटा बैठी। पहले सिर्फ पुरूषों को ही योग्य माना जाता था लेकिन रानी लक्ष्मीबाई ने महिलाओं के संदर्भ में खड़ी होकर नारी शक्ति को दिखाया था कि एक नारी जब अपने हक के लिए खड़ी होती है, लड़ती है तो वह बड़ी से बड़ी जीत को हासिल कर सकती है नारी शक्ति को दूर्गा शक्ति के नाम से भी जानते है। एक महिला होने के बावजूद पूरूष प्रधान समाज में वे ऐसे अपने राष्ट्र के लिए अपने देश के लोगों के लिए महिला योद्धा बनी। रानी लक्ष्मीबाई आज की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। जिसके सहारे भारत की सभी महिलाओं को आत्मशक्ति व अभिप्रेरणाएं मिली है। हम सभी भारतवासियों को उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देना है।

...भावना

हिंदी छायावाद की आधार संतभ कवित्रि महादेवी वर्मा

सरल मृदुल और कोमल छायावादी रचना करने वाले कवियों में महादेवी वर्मा का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। इनका जन्म सन 1907 में उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के एक कुलीन और सुशील परिवार में हुआ। उनकी माता का नाम हेमरानी देवी और उनके पिता का नाम गोविंद प्रसाद था जो एक विद्यालय में मुख्य अध्यापक थे। महादेवी का बचपन इंदौर में बीता और वही शिक्षा प्राप्त की तथा आगे की शिक्षा इन्होंने इलाहाबाद में भी शिक्षा प्राप्त की। इनका विवाह 11 वर्ष की अल्प आयु में हो गया था लेकिन यह विवाह इन्हें रास नहीं आया वह जीवन भर अकेली रही इन्होंने मिडिल और हाई स्कूल की परीक्षा समूचे प्रदेश में प्रथम रहकर उत्तीर्ण की ओर प्रयाग के महाविद्यालय में बा.ए में उत्तीर्ण की और प्रयाग के विश्वविद्यालय से ही इन्होंने संस्कृत में म. ए की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद ये महिला विद्यापीठ ,प्रयाग की प्रधानाचार्य नियुक्त हुई। महादेवी वर्मा 13 14 वर्ष की अल्प आयु में ही काव्य रचना करने लग गई थी। इनका प्रथम गीत था दिया तत्पश्चात इनकी साहित्य साधना निरंतर आगे बढ़ने लगी उन्होंने हिंदी साहित्य के कई दौर देखे यह छायावादी काव्य के चार प्रमुख आधार स्तंभों में से एक रूप में जानी जाती हैं अपनी कविताओं में दर्द व पीड़ा की अभिव्यक्ति के कारण इनका 'आधुनिक युग की मीरा' भी कहा जाता है। इनका निधन 1987 ई. में हुआ।

...चित्राक्षी

देश की राजनीति व इतिहास में सराहनीय रहा, महिला नेतृत्व

भारतीय राजनीति की एक प्रतिष्ठित हस्ती इंदिरा गांधी ने देश के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। 19 नवंबर, 1917 को जन्मी वह न केवल भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री थीं, बल्कि एक गतिशील नेता भी थीं, जिन्होंने अशांत समय में देश का नेतृत्व किया। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध, बैंकों के राष्ट्रीयकरण और हरित क्रांति में उनकी भूमिका की पड़ताल करता है। उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए, यह आपातकाल की अवधि की भी आलोचनात्मक जांच ये सभी उनके जीवन की मुख्य घटनाएं हैं। इंदिरा गांधी की विरासत भारतीय राजनीति और समाज को प्रभावित करती रही है। अपने जीवन के प्रारंभिक वर्षों से लेकर 1984 में उनकी दुखद हत्या तक, उनका जीवन कई सारे उतार चढ़ावों के भरा रहा है। प्रत्येक भारतीय को इंदिरा गांधी के जीवन की गहरी समझ प्राप्त होनी चाहिए जिसने भारत की नियति को नया आकार दिया और इसके इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति बनी हुई है।

शिक्षा और राजनीतिक जीवन: इंदिरा गांधी की प्रारंभिक शिक्षा विविध थी। उन्होंने रबींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित शांतिनिकेतन में विश्व भारती विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, जहां उन्होंने कला, संस्कृति और स्वतंत्रता के मूल्यों को आत्मसात किया। बाद में, उन्होंने यूरोप में अपनी शिक्षा जारी रखी, पहले ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में और फिर फ्रांस में इकोले नेशनल सुप्रीयर में। इन प्रसिद्ध संस्थानों में उनकी शिक्षा ने उन्हें विभिन्न संस्कृतियों और विचारों से अवगत कराया, जिसका उनके राजनीतिक विश्वदृष्टि पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।

राजनीतिक जीवन: इंदिरा गांधी की राजनीतिक यात्रा उनके पिता, भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की छाया में शुरू हुई। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संघर्ष के दौरान वह राजनीति में अधिक शामिल हो गईं। नेहरू की मृत्यु के बाद वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं और धीरे-धीरे राजनीतिक सीढ़ियां चढ़ती गईं।

इंदिरा गांधी ने 1966 से 1977 तक और फिर 1980 से 1984 में अपनी हत्या तक प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया। उनके राजनीतिक करियर को कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों से चिह्नित किया गया, जिसमें 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान उनका नेतृत्व, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और हरित क्रांति शामिल थी। जिसने भारत की अर्थव्यवस्था और कृषि को बदल दिया। हालांकि, उनके कार्यकाल को 1975 से 1977 तक विवादास्पद आपातकाल की अवधि के रूप में भी चिह्नित किया गया था जब नागरिक स्वतंत्रताएं कम कर दी गई थीं।

भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी की विरासत कायम है। शिक्षा और राजनीतिक कौशल के उनके अनूठे मिश्रण ने उन्हें एक करिश्माई और प्रभावशाली नेता बना दिया, जिन्होंने देश के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी।

इंदिरा गांधी और नेशनल इमरजेंसी: 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा उनके राजनीतिक करियर का एक अत्यधिक विवादास्पद प्रकरण था। इस अवधि के दौरान, नागरिक स्वतंत्रताएँ निलंबित कर दी गईं, और केंद्र सरकार में सत्ता का कंसंट्रेशन हो गया, राज्य सरकारें बर्खास्त कर दी गईं। जबकि सरकार ने कुछ आर्थिक सुधार लागू किए, आपातकाल की लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमले के रूप में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से आलोचना की गई। इससे सरकार और न्यायपालिका के बीच तनावपूर्ण संबंध पैदा हो गए और अंततः 1977 में आपातकाल समाप्त हो गया। जब इंदिरा गांधी ने आम चुनाव का आह्वान किया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी पार्टी की हार हुई और उन्हें पद से हटा दिया गया। आपातकाल भारत के इतिहास में एक विवादास्पद और बहस वाला अध्याय बना हुआ है, कुछ लोग इसे व्यवस्था बहाल करने के लिए आवश्यक मानते हैं और कुछ इसे भारतीय लोकतंत्र में एक काले दौर के रूप में देखते हैं।

इंदिरा गांधी की मृत्यु: 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी के जीवन का दुखद अंत हो गया। नई दिल्ली में उनके आवास पर उनके दो अंगरक्षकों, बेअंत सिंह और सतवंत सिंह ने उनकी हत्या कर दी। यह हत्या उस वर्ष की शुरुआत में ऑपरेशन ब्लू स्टार के आदेश देने के उनके निर्णय का परिणाम थी, जो सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से सिख आतंकवादियों को हटाने के लिए एक ऑपरेशन था। इस ऑपरेशन के कारण सिख समुदाय में काफी विवाद और गुस्सा पैदा हुआ, जिसकी परिणाम स्वरूप अंततः उनकी हत्या के रूप में हुई। इंदिरा गांधी की मृत्यु का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। इसके परिणामस्वरूप व्यापक हिंसा और सिख विरोधी दंगे हुए, जिससे दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हजारों सिखों की मौत हो गई। उनकी हत्या ने भारतीय इतिहास में एक अंधेरे और अशांत काल को चिह्नित किया, और यह देश की सामूहिक स्मृति में एक दुखद और महत्वपूर्ण क्षण बना हुआ है।

उपसंहार: 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या से भारतीय राजनीति में एक युग का अंत हो गया। उनकी विरासत, हालांकि विवादों से घिरी हुई है, मजबूत नेतृत्व और जटिल निर्णय लेने के प्रतीक के रूप में कायम है। उनकी मृत्यु के बाद भारत में राजनीतिक उथल-पुथल का दौर देखा गया। उनके बेटे, राजीव गांधी, उनके बाद प्रधानमंत्री बने और उनकी कुछ नीतियों को आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका भी दुखद अंत हुआ, 1991 में उनकी हत्या कर दी गई। इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद के वर्षों में भारतीय राजनीति में बदलाव देखे गए, विभिन्न नेता और गठबंधन सत्ता में आए। फिर भी उनकी छाप बनी रही। उनके कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए आर्थिक सुधार जारी रहे, जिससे 1990 के दशक में भारत के अंततः उदारीकरण और वैश्वीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ। वह एक करिश्माई नेता थीं, जिन्होंने भारत के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ते हुए, सराहनीय और विवादास्पद दोनों तरह के साहसिक विकल्प अपनाए। उनका जीवन और मृत्यु दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की लगातार विकसित हो रही कहानी में नेतृत्व, शक्ति और सार्वजनिक भावना आदि के बारे में याद दिलाती है।

.....निधि

बाल दिवस : बचपन की भावना का जश्न

पंडित जवाहरलाल नेहरू जी बच्चों को बहुत ज्यादा प्यार करते थे तथा उनके साथ खेलना-कूदना पसंद करते थे। जिस खुशी से नहरू जी ने अपना जन्म दिवस को बाल दिवस के नाम से प्रस्तुत किया। बाल दिवस बच्चों के लिए खुशी का दिवस होता है। भारत के लगभग सभी स्कूलों और कॉलेजों में, खासतौर पर स्कूलों में बाल दिवस से संबंधित कार्यक्रम दस-पंद्रह दिन पूर्व ही आरंभ हो जाते है। कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जैसे रंगोली, कविता आदि। चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि देने के लिए 1956 से बाल दिवस के रूप में उनके जन्मदिवस को मनाया जाता है। इस दिन लोग शपथ लेते हैं कि वो कभी अपने बच्चों की उपेक्षा नहीं करेंगे। यह दिन पंडित नेहरू को उपहार और सम्मान के भाव से मनाया जाता है। विश्व में पहली बार बाल दिवस का कार्यक्रम जून 1857 में अमेरिका के मैसाच्यूसेट्स शहर में पादरी डॉ चार्ल्सलेनर्ड द्वारा आयोजित किया गया था। पंड़ित जवाहरलाल नेहरू जी का महत्त्वपूर्ण योगदान भारत को आजाद करवाने में भी रहा। वह भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। चाचा नेहरू ने कहा था कि बच्चे देश का भविष्य है इसलिए जब तक वे अपने पैरों पर खड़े न हो जाए तब तक उन्हें प्यार और देखभाल की जरूरत है।

नारा- शांति के बिना सभी सपने
गायब हो जाते है
और राख में
मिल जाते है।
जवाहरलाल नेहरू

साक्षी

यह दिन बचपन के दिन को याद करने का भी महत्त्वपूर्ण दिन था। साथ ही यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है।

चिल्ड्रन-डे, जिसे 'बाल दिवस' भी कहा जाता है, हर साल 14 नवंबर को पूरे भारत में मनाया जाता है। यह बचपन की भावना का जश्न मनाने और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उस दिन याद किया जाता था। पंडित जवाहरलाल नेहरू एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जो युवा दिमाग के विकास में विश्वास करते थे। बच्चों के प्रति उनका प्रेम इतना प्रसिद्ध था कि उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूल, कॉलेज और बच्चों से संबंधित अन्य स्थानों पर इस दिन

को बहुत धूमधाम से बनाया जाता है। कुछ स्कूलों में शिक्षक बच्चों के लिए एक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करते है। कुछ अन्य लोग बच्चों को कभी-कभी उनके स्कूलों में नाश्ता और मिठाइयां दी जाती है। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि देश की भविष्य की सफलता और समृद्धि बच्चों की समृद्धि पर निर्भर करती है। उनका मानना था कि कोई राष्ट्र तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सकता। जब तक उस राष्ट्र के बच्चे अविकसित और कमजोर हो। कई स्थानों पर इस दिन भाषण के जरिए अपने विचारों को व्यक्त करते थे। ज्यादातर आयोजन स्कूलों में होते है जहाँ बाल दिवस पर हिंदी में भाषण, बाल दिवस पर हिंदी निबंध की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। बच्चे इन प्रतियोगिताओं में भाग लेते है, लेकिन कई लोगों के लिए बाल दिवस पर भाषण देना बहुत ही मुश्किल होता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कुछ विचार प्रकट किए थे जो निम्नलिखित प्रकार है- 1. जीवन में डर के अलावा खतरनाक और बुरा कुछ भी नहीं है।
2. जो व्यक्ति सफल हो जाता है वह हर चीज फिर शांति और व्यवस्था चाहता है।

....रंगीता

Annually Children's Day is celebrated on the 14th of November. It is celebrated for making the birth anniversary of it. Jawaharlal Nehru. He was India's first Prime Minister and was popular as 'Chacha Nehru' among the general public. He always emphasized Children's rights care and education. In 1964, after Pt. Jawaharlal Nehru's death, the government of India announced 14 November as children were true. Children also love him and affectionately called him Chacha. He once said "The Children of today will make the India of tomorrow. The way we bring them up will determine the future of the country. Children's day celebrations are done throughout the country.

In India, children's Day is celebrated on 14th November every year to commemorate the birth anniversary of our first prime minister, Pandit Jawaharlal Nehru Me loved Children dearly and is fondly remembered as Chacha Nehru by them. After his death in 1964, his birthday was declared as children's day nationwide. November 14 is celebrated as children's day throughout the Country. To mark the birth anniversary of India's first Prime Minister. Pandit Jawaharlal Nehru, this day is celebrated in schools educational institutions and other places of importance for children's.

The freedom fighter and politician was extremely fond of children and was fondly called Chacha Nehru by them. Even after years of his death he is remembered by that name and al fondness for children his birth anniversary is celebrated "Children's Day null. Initially children's day in India was celebrated on November 20 in accordance with the children's day declared by the United Nations. However, after Jawaharlal Nehru's demise in 1964 a resolution was passed in the Indian Parliament the declared November 14 as children day to honour the legacy of Pandit Jawaharlal Nehru. The day as opposed to popular belief is not a gazetted holiday but children are encouraged to go to school and be a part of the celebrations of this day. In schools and educational institutions, this day is marked special assemblies and functions. Events like quizzes, cultural activities, plays, fancy dress competitions. The freedom struggle and what followed it is often included in the narration and children's given details about the life of Pandit Jawaharlal Nehru who believed them to the greatest assets for the nation. The children of today will make the India of tomorrow. They way we bring them up will determine the future of the country. "The freedom fighter was credited with making great changes in the educational set up of the country and in bringing about much-needed changes in the overall working of the system." **....Bhawana**



भारत देश में प्रतिवर्ष चौदह नवंबर को बाल-दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिवस होता है। उन्हें बच्चों से बहुत प्यार था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। नेहरू जी बच्चे को कभी भी उदास नहीं देख सकते थे। वे काम में व्यत रहने पर भी बच्चों के लिए समय निकालते थे। बालदिवस को सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। बच्चों के लिए तरह-तरह के कार्यक्रमों, मेलों और ढ़ेर सारी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। यह दिन बच्चों के लिए खास दिन होता है। बच्चों को इनाम और उपहार भी दिए जाते हैं। बच्चे देश का भविष्य होते है। उनका विकास देश के विकास को मजबूती देता है। इस दिन हम यह प्रण करें, कि बच्चों के अधिकार, देखभाल और शिक्षा के बारे में अधिक लोगों को जागरूक करें। विश्व में पहली बार बाल दिवस का कार्यक्रम जून 1857 में अमेरिका के मैसाचुसेट्स शहर में पादरी डॉ0 चार्ल्स लेनर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है।

बच्चों के छोटे हाथों को चाँद सितारे छूने दो।
चर किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।
मां की कहानी थी।।
परियों का फसाना था।।
बरिश में कागज की नाव थी।।
बचपन का हर वो मौसम सुहाना था।।

...मानवी शर्मा

"Exploring Beauty: A Multifaceted Perspective"

Beauty, an intricate concept, transcends the superficial and delves into the realms of perception, culture, and personal experience. Its definition extends far beyond physical appearances, embracing a spectrum that incorporates aesthetics, harmony, and emotional resonance.

At its core, beauty is a subjective experience, molded by individual perspectives and societal influences. While conventional standards may highlight symmetry and proportion, contemporary discourse encourages a more inclusive understanding. Beauty manifests not only in the flawless but also in the unique, celebrating diversity and breaking free from narrow definitions.

Cultural contexts play a pivotal role in shaping our perception of beauty. Different societies hold distinct ideals, reflecting historical, geographical, and sociological nuances. Beauty becomes a canvas upon which traditions, rituals, and stories are painted, connecting individuals to their heritage and fostering a sense of identity.

In the age of social media and digital imagery, beauty undergoes a dynamic transformation. Platforms become arenas for self-expression, challenging established norms and encouraging authenticity. However, the flip side sees the rise of unrealistic standards, creating a paradox where the pursuit of beauty can sometimes lead to insecurity and self-doubt.

Beyond physical aesthetics, beauty intertwines with the intellectual, the emotional, and the spiritual. It can be found in acts of kindness, expressions of creativity, and moments of profound connection. Beauty becomes a force that transcends the tangible, resonating in art, music, literature, and the intricacies of human relationships.

The beauty industry, a powerful influencer, shapes and reflects societal values. While it offers avenues for self-care and expression, it also grapples with ethical concerns and the perpetuation of unattainable ideals. Striking a balance between self-enhancement and self-acceptance becomes a delicate dance in navigating the evolving landscape of beauty.

In conclusion, the exploration of beauty reveals a multifaceted concept that evolves with time, culture, and individual experiences. Beyond the surface, it intertwines with identity, culture, and the profound aspects of our existence. Embracing a holistic perspective allows us to appreciate the diverse facets of beauty and recognize its omnipresence in our lives.

A counselling room serves as a crucial space for students to navigate the complexities of academic and personal challenges. This haven provides a confidential and supportive environment where individual can seek guidance, fostering their emotional well-being and academic success. It may be beneficial in a number of ways. It can make one have a better understanding of things that helps in getting new skills to manage themselves better through the help of counsellor, individual can respond to problems in different perspective. Sharing of thoughts can be helpful in changing one's life. Primarily, the counselling room serves as a residence for students grappling with the pressures of college life. The cozy atmosphere, adorned with calming colors and comfortable seating, creats a welcoming acceptable conducive to open communication. This setting aims to reduce the anxiety in students and encouraging them to share their concerns without hesitations.

The importance of confidentiality can not be over stated in a counselling room. Students need reassurance that their struggles and vulnerabilities will be treated with the utmost privacy. This assurance facilitates as a safe space for open dialogues for students.

In conclusion, a counselling room is a vital resource that promotes the holistic development of students. It symbolises a commitment to nurturing the mental and emotional well-being of the students. **...Bhawna**

Breathing in Crisis



The northern regions are currently grappling with an alarming surge in air pollution, predominantly attributed to widespread land burning practices. This hazardous phenomenon has not only become a pressing environmental concern but also poses severe health risks to the residents.

The primary cause be hind the escalating pollution levels is the deliberate burning of land, often employed for agricultural processes or to clear land for various developmental activities. The combustion of biomass releases a cocktail of pollutants into the atmosphere, including particulate matter, carbon monoxide, and volatile organic compounds. These pollutants can have detrimental effects on respiratory health, exacerbating conditions such as asthma and causing other respiratory ailments. Governments and environmental agencies are urging immediate action to curb this perilous trend. It is imperative for communities, authorities and individuals to collaborate in implementing effective measures to combat the rising air pollution. **...Aditi Kaushik**

Lead with kindness

The strength of kindness is infinite, AN act of kindness actually means a selfless act performed try an individual in order to make someone happier without compensation. Anybody should be kind without any reason to not be nice. "A warm smile is the universal language of kindness."

World kindness day is celebrated each year on November 13th. It was first introduced in 1998 by the world kindness movement. This day is observed in various countries, including the limited states, Canada, Japan, Italy, Australia and the United Avab Emirates. It sources as a reminder to all that simple acts of kindness have poser that together, we can all work to create a kinder world.

"Kind people have 23% less CORTISOL (stress hormone) and age more slowly than the average population."

...Rakhi

CURRENT AFFAIRS

- PM Modi to chair virtual G-20 Leaders Summit on Nov 22, building on New Delhi Declaration.
- The congress government had created 19 new districts and three new divisions.
- With Assembly elections approaching, Rajasthan CM Ashok Gehlot announced the state will conduct a caste survey on the lines of the one done in Bihar.
- The projects include 350 bedded Trauma Centre and Critical care Hospital.
- USAID and Room to Read India partnered with the Rajasthan SCERT to publish 27 Children's story books, which will promote reading skills and reading habits among children.
- Priyan Sain clinched the title of miss Earth India 2023 during the Miss Divine Beauty 2023.
- India to Become World's Third- Largest Economy by 2027: FM Nilmala Sitharaman November 16 2023 **.....Nidhi**

'संत दादू दयाल का जीवन-दर्शन' विषय पर विस्तार व्याख्यान

आदर्श महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 अलका मित्तल के दिशा-निर्देशन में एम0ओ0यू0 सेल द्वारा 'संत दादू दयाल का जीवन-दर्शन' विषयक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर साहित्यकार डॉ0 रमाकांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्ति काल में संत दादू दयाल मानवता के पोषक संत थे। निर्गुण परंपरा के संत दादू की विनम्रता अतुलनीय थी। उन्होंने ईश्वर, माया, जीव, जगत, योग, साधना इत्यादि की सहज सरल व्याख्या द्वारा समाज में समानता का प्रसार किया। उनकी वाणी में अद्भुत ज्ञान था। उनका जीवन सदैव मानवता को समर्पित रहा। समाज कल्याण में उनकी शिष्य परंपरा आज भी अनवरत है। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि अवसाद आज की बड़ी समस्या बनती जा रही है। विद्यार्थी यदि संत दादू के सहज योग को अपनाएं तो इससे बचा जा सकता है। जीवन-दर्शन का अर्थ है जीवन को सूक्ष्मता से बारीकी से देखना। संत दादू ने जीवन-मंथन कर अपने अनुभवों से जो शिक्षा हमें दी है, वह हमारे लिए परम उपयोगी है। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ0 मधुमालती, एम0ओ0यू0 सेल संयोजिका डॉ0 ममता चैधरी, कविता भारद्वाज, कविता, ममता वाधवा, डॉ0 डिम्पल व रूचि वत्स आदि प्राध्यापिकाएँ तथा महाविद्यालय छात्राएं उपस्थित रही।

एसडीएम बाबूलाल कारवा ने छात्राओ को किया मतदान के प्रति जागरूक

